Daily Current Affairs 01 August 2022

दैनिक समसामयिकी (Current Affairs) के मुद्दों की महत्त्वपूर्ण जानकारी आज के इस लेख द्वारा उपलब्ध कराई गई है, जो सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में उपयोगी है और हम रोज आपको ऐसे ही gk today current affairs in hindi मैं रोज provide करवाएंगे,और आप Current Affairs In Hindi PDF प्राप्त कर सकतें हो।

1. बेंगलुरू में 'वन हेल्थ' पायलट प्रोजेक्ट किया गया लॉन्च
• हाल ही में डेयरी और पशुपालन मंत्रालय द्वारा बेंगलुरू में 'वन हेल्थ' पायलट प्रोजेक्ट लॉन्च किया गया। 'वन हेल्थ पायलट प्रोजेक्ट' को भारतीय उद्योग परिसंघ (CII) और बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के कार्यान्वयन भागीदारों के रूप में पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा शुरू किया गया।
• आपको बता दे कि इससे पहले उत्तराखंड में भी वन हेल्थ पायलट प्रोजेक्ट' शुरू किया गया था।वन हेल्थ पायलट प्रोजेक्ट भविष्य में कोविड-19 महामारी जैसी जूनोटिक बीमारी के प्रकोप को रोकने के लिये समाधान प्रस्तुत करने हेतु मानव, पशु तथा पर्यावरण स्वास्थ्य के हितधारकों को एक मंच पर लाएगा। इस पायलट प्रोजेक्ट की सफलता से केंद्र को राष्ट्रीय 'वन हेल्थ' रोडमैप विकसित करने में मदद मिलेगी।

2. गेल के अगले चेयरमैन होंगे संदीप कुमार गुप्ता
• सार्वजनिक उपक्रम चयन बोर्ड (PESB) ने गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड' (GAIL) के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक पद के लिए इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (IOC) के वित्त निदेशक संदीप कुमार गुप्ता का चयन किया है। गुप्ता मनोज जैन का स्थान लेंगे। जैन 31 अगस्त, 2022 को सेवानिवृत्त होने जा रहे हैं। PESB की सिफारिश को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (ACC) मंजूरी देगी। गुप्ता का कार्यकाल फरवरी 2026 तक होगा।

3. क्यूएस बेस्ट स्टूडेंट सिटीज रैंकिंग 2023 जारी, छात्रों के रहने के लिए लंदन सर्वश्रेष्ठ शहर
• ग्लोबल कंसल्टेंसी फर्म क्यूएस क्वाक्वैरेली साइमंड्स (QS Quacquarelli Symonds) ने छात्रों के लिये सबसे बेहतर शहरों की लिस्ट 'क्यूएस बेस्ट स्टूडेंट सिटीज रैंकिंग 2023' (QS Best Student Cities Ranking) जारी की है।
• छात्रों के लिये सबसे बेहतर शहरों की सूची में लंदन दुनिया के सर्वश्रेष्ठ शहर के रूप में नामित किया गया है। वहीं सियोल और म्यूनिख दूसरे स्थान पर हैं जबकि ज्यूरिख और मेलबर्न उसके बाद क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर हैं।

4. औरंगाबाद का नाम बदलकर हुआ संभाजीनगर
• हाल ही में महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले का नाम बदलकर सांभाजी नगर और उस्मानाबाद शहर का नाम धाराशिव कर दिया गया है। औरंगाबाद का नाम बदलने की मांग उद्धव ठाकरे की राजनीतिक पार्टी लंबे समय से कर रही थी। महाराष्ट्र सरकार पर आए संकट के बीच अब औरंगाबाद का नाम बदलने की सुध आई है।
• संभाजी मराठा राजा छत्रपति शिवाजी के सबसे बड़े पुत्र थे, जिनके नाम पर पार्टी का नाम रखा गया। औरंगाबाद को इसका नाम 17 वीं शताब्दी में मिला जब मुगल सम्राट औरंगजेब इस क्षेत्र का गवर्नर था। इसका नाम संभाजी के नाम पर रखने की लंबे समय से पार्टी की मांग रही है। औरंगाबाद नाम मुगल बादशाह औरंगजेब के नाम पर रखा गया था।